(क) नये टैन के लिए दिशानिर्देश →

https://tin.tin.nsdl.com/tan/form49B.html
https://tin.tin.nsdl.com/tan/GuidelinesTanRegistration.html

टैन के लिए ऑनलाइन आवेदन (फॉर्म 49बी)

दिशानिर्देश

आवेदन करने की प्रक्रिया

क) आवेदक फॉर्म 49 बी ऑनलाइन भरेगा और फॉर्म प्रस्तुत करेगा।

ख) यदि कोई गलती है तो उसे ठीक करेगा और फॉर्म पुन: प्रस्तुत करेगा।

ग) आवेदक द्वारा भरे गये पूरे डेटा के साथ एक पुष्टिकरण स्क्रीन दिखाई देगा।

घ) आवेदक या तो उसे संशोधित कर सकता है या उसकी पुष्टि कर सकता है।

प्राप्तिसूचना

क) पुष्टि करने पर एक प्राप्तिसूचना स्क्रीन दिखाई देगा. प्राप्तिसूचना में निम्नलिखित शामिल होगे :

- 14 अंकों का एक विशिष्ट प्राप्तिसूचना नंबर
- आवेदक की स्थिति
- आवेदक का नाम
- संपर्क विवरण (पता, ई-मेल तथा टेलीफोन नंबर)
- भुगतान के ब्यौरे
- हस्ताक्षर के लिए स्थान

ख) आवेदक को इस प्राप्ति सूचना को सेव कर उसका प्रिंट ले लेना चाहिए।

ग) हस्ताक्षर / बायें अंगूठे का निशान प्राप्तिसूचना में दिये गये बॉक्स के भीतर ही रहना चाहिए। 'व्यक्तियों' से भिन्न आवेदकों के मामले में प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता प्राप्तिसूचना पर हस्ताक्षर करेगा।

घ) बायें अंगूठे का निशान, यदि लगाया जाता है, किसी मजिस्ट्रेट या नोटरी पब्लिक या राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपनी आधिकारिक सील या मुहर के अधीन

अनुप्रमाणित होना चाहिए।

भुगतान

(i) **क) टैन आवेदन की प्रोसेसिंग के लिए शुल्क 65.00 ₹ (55.00 ₹ आवेदन शुल्क +** 18% **वस्तु और** सेवा कर) है।

ख) भुगतान निम्नलिखित में से किसी एक प्रकार से किया जा सकता है:

- डिमांड ड्राफ्ट या
- चेक या
- क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड या
- नेट बैंकिग

ग) डिमांड ड्राफ्ट / चेक 'एनएसडीएल - टिन' के पक्ष में होना चाहिए।

घ) डिमांड ड्राफ्ट / चेक के पीछे आवेदक का नाम तथा प्राप्तिसूचना नंबर लिखा जाना चाहिए।

ड.) डिमांड ड्राफ्ट मुंबई में देय होगा।

च) चेक द्वारा भुगतान करने वाले आवेदकों को देश भर में (दाहेज को छोड़कर) एचडीएफसी बैंक की किसी भी शाखा में स्थानीय चेक (किसी भी बैंक पर आहरित) जमा करना चाहिए। आवेदक जमा पर्ची पर **टैनएनएसडीएल** लिखेगा।

छ) क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / नेट बैंकिग द्वारा भुगतान

क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / नेट बैंकिग द्वारा भुगतान करने की सुविधा निम्नलिखित श्रेणियों के लिए उपलब्ध नहीं है :

- **केन्द्र सरकार / राज्य सरकार तथा**
- **सांविधिक / स्वायत्त निकाय**

अन्य श्रेणियों के लिए क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / नेट बैंकिग द्वारा भुगतान करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति निम्नलिखित हैं :

आवेदक की श्रेणी	**प्राधिकृत व्यक्ति जिसका क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / नेट बैंकिग भुगतान के लिए प्रयोग किया जा सकता है**
कंपनी / कंपनी की शाखा / डिविजन	कंपनी का कोई निदेशक

व्यक्ति (एकल स्वामी) / वैयक्तिक कारोबार की शाखा	स्वयं
हिंदू अविभक्त परिवार (एचयूएफ)	कर्ता
फर्म / फर्म की शाखा	फर्म का कोई साझेदार
व्यक्तियों का संघ / व्यक्तियों का निकाय / व्यक्तियों का संघ (ट्रस्ट) / कृत्रिम विधिक व्यक्ति	धारा 140 के अंतर्गत शामिल प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड के द्वारा भुगतान करने वाले आवेदकों से भुगतान गेटवे की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक द्वारा 2% (+वस्तु और सेवा कर) तक का अतिरिक्त अधिभार वसूल किया जाएगा।

नेट बैंकिंग के द्वारा भुगतान करने वाले आवेदकों से भुगतान गेटवे की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक द्वारा 4.00 ₹ + वस्तु और सेवा कर का अतिरिक्त अधिभार वसूल किया जाएगा।

क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / नेट बैंकिग द्वारा सफलतापूर्वक भुगतान हो जाने पर एक प्राप्तिसूचना दिखाई देगी। आवेदक को इस प्राप्तिसूचना को सेव कर उसका प्रिंट ले लेना चाहिए और नीचे **'दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण'** खंड में उल्लिखित रूप में उसे एनएसडीएल को भेजना चाहिए।

दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण

क) डिमांड ड्राफ्ट, यदि कोई है, के साथ विधिवत् हस्ताक्षरित प्राप्तिसूचना एनएसडीएल को निम्नलिखित पते पर भेजी जाए:

एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

5वीं मंजिल, मंत्री स्टर्लिंग,

प्लॉट नं. 341, सर्वे नं. 997/8,

मॉडल कालोनी, दीप बंगला चौक के पास,

पुणे – 411 016.

ख) लिफाफे के ऊपर 'टैन के लिए आवेदन - पावती नंबर' अर्थात् **'टैन के लिए आवेदन - 88301020000244'** लिखें।

ग) आपकी पावती तथा डिमांड ड्राफ्ट, यदि कोई है, ऑनलाइन आवेदन की तारीख से 15 दिन के भीतर एनएसडीएल के पास पहुंच जाना चाहिए।

घ) विधिवत् हस्ताक्षरित पावती की प्राप्ति तथा भुगतान की वसूली के बाद ही आवेदन

प्रोसेस किया जाएगा।

हमें संपर्क करें :
टिन कॉल सेन्टर में 020 - 2721 8080 पर फोन करें, फैक्स : 020 - 2721 8081.
ई-मेल करें : tininfo@nsdl.co.in

एसएमएस करें NSDLTAN <स्थान छोड़े> 14 अंको की प्राप्ति सूचना नंबर टाइप करें और आवेदन की स्थिति जानने के लिए 57575 पर भेज दें।

लिखें : **एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**
5वीं मंजिल, मंत्री स्टर्लिंग,
प्लॉट नं. 341, सर्वे नं. 997/8,
मॉडल कालोनी, दीप बंगला चौक के पास,
पुणे – 411 016.